an>

Title: Regarding inflated electricity bills sent to farmers of Tonk-Sawai Madhopur Parliamentary Constituency of Rajasthan.

**श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक-सवाई माधोपुर) :** माननीय सभापति जी, सबसे बड़ी बात यह है कि आज पीएमजीएसवाई में हम 250 की आबादी की जनगणना से जिन सड़कों को बनाने के लिए लिया है, उसमें मेरा सरकार से निवेदन है कि पीडब्ल्यूडी आज भी 2001 के नार्म्स से उन लोगों को जोड़ रहा है जबकि 2001 में जो 250-150 थे, वे आज 500-700 हो गये हैं। इसलिए मेरा सरकार से निवेदन है कि उनकी आबादी 2011 से ली जाए क्योंकि सभी विभाग 2011 की आबादी से ले रहे हैं। उसी के साथ जहां तक बिजली का मामला है, सुबह मैंने कहा था और बिजली मंत्री जी ने कहा था कि रात को किसानों को बिजली दी जाए। किसानों को दिन में बिजली दी जाए, राजस्थान के अंदर बिजली रात को दी जा रही है जबकि माइनस डिग्री टैम्परेचर में किसान रात को बिजली नहीं ले सकता है न पानी लगवा सकता है, इसलिए इसी के साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि बिजली के बिलों में बहुत भारी दिक्कत है क्योंकि जब हम गांवों में जाते हैं तो किसान एकदम से खड़ा हो जाता है कि उसका बिजली का बिल फालतू आ गया और उसको ठीक कराने में बहुत समय लगता है। मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि बिजली के बिल ठीक आएं और बिजली रात की बजाए दिन में दी जाए। यह किसानों की मांग है। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Shri P.P. Chaudhary and Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with Shri Sukhbir Singh Jaunpuria